# प्रपत्र–1

**परियोजना का नामः–** जनपद नैनीताल में कालाढूँगी बाजपुर मोटर मार्ग में बोरपुल हनुमान मंदिर के पास से छोटी हल्द्वानी में श्री गणेश दत्त जोशी के खेत तक संम्पर्क मार्ग का निर्माण।

## प्रतिवेदन

**(परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)**

राज्य योजना के अन्तर्गत पत्रांक 1970/III(2)/13–55 (प्रा0आ0)/2012 दिनांक 14.3.2013 द्वारा 32.44 लाख की स्वीकृति जनपद नैनीताल में कालाढूँगी बाजपुर मोटर मार्ग में बोरपुल हनुमान मंदिर के पास से छोटी हल्द्वानी में श्री गणेश दत्त जोशी के खेत तक संम्पर्क मार्ग का निर्माण हेतु प्रदान की गयी है (शासनादेश की छायाप्रति प्रस्ताव में सलंग्न है) उक्त मार्ग निर्माण से इस क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणो/कृषकों को यातायात की सुविधा प्राप्त होगी जिससे वे अपनी उपज को सही समय व प्रत्येक मोसम में मण्डी/बाजार में लाने में सुविधा प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेगें एवं कृषकों की भूमि तथा वन भूमि के बीच उक्त मार्ग एक सीमा बन जायेगा जिससे भविष्य में वन भूमि पर अतिक्रमण की सम्भवनायें नही रहेंगी मार्ग निर्माण से स्थानीय जनता/कृषकों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से लाभ मिलेगा अतः जनहित में मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों गठित कर स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रेषित है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो० नि० वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

परियोजना का नामः–जनपद नैनीताल में कालाढूँगी बाजपुर मोटर मार्ग में बोरपुल हनुमान मन्दिर के पास से छोटी हल्द्वानी में श्री गणेश दत्त जोशी के खेत तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण।

## प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य एवं विस्तृत आख्या

उक्त परियोजना के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों/कृषकों को अपनी उपज को स्थानीय/मण्डीयों मे ले जाने में समय की बचत के साथ सुविधा होगी और क्षेत्रीय निवासियों को उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य के सम्बन्ध मे ग्रामीणो को नजदीकी शहरो के अस्पताल में प्रत्येक मौसम में जाने में सुविधा होगी उक्त मार्ग का समरेखण कृषको की भूमि एवं वन भूमि के मध्य एक सीमा बन जायेगा जिस कारण भविष्य मे वन भूमि पर अतिकमण की सम्भावनायें इस परियोजना क्षेत्र में नही होगी।

कृषकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बार–बार अनुरोध उपरान्त उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत पत्रांक 1970/III(2)/13–55(प्रा0आ0)/2012 दिनांक 12.03.2013 द्वारा 32.44 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त मार्ग निर्माण से स्थानीय जनता/कृषको को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से लाभ मिलेगा एवं इस क्षेत्र का विकास होगा। जनहित में मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जा रहे है। अतः उक्त प्रस्तावो के 0.8888 हैक्टयर आरक्षित वन भूमि के हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे।

सहायक अभियन्ता।
निर्माण खण्ड, लो॰ नि॰ वि॰
हल्द्वानी (नैनीताल)

अधिशासी अभियन्ता।
निर्माण खण्ड, लो॰ नि॰ वि॰
हल्द्वानी (नैनीताल)